मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम 1976 का लागू किया जाना

3935. **श्री शिव सम्पति राम** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 जो कि राज्यों मे क्षेत्रीयता की बंदिश समाप्त करता है, मध्य प्रदेश मे लागू न किये जाने के क्या कारण है ,

(ख) जब भोपाल, रायसीन एवं सिहोर जिलो मे "धोबी" जाति को अनुसूचित जातियो की सूची मे रखा गया है तो समूचे राज्य "धोबी" को अनुसूचित जाति न मानने के क्या कारण हैं , और

(ग) क्या "धोबी" जाति जो केवल अजमेर जिले मे अनुसूचित जाति घोषित की गई थी अब राजस्थान के समूचे राज्य मे मानी जाने लगी है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल) : (क) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 मध्य प्रदेश समेत सभी संबंधित राज्यों मे 27 जुलाई, 1977 से लागू किया गया था।

(ख) उक्त अधिनियम मे ही व्यवस्था है कि मध्य प्रदेश के केवल भोपाल, रायसीन और सिहोर जिलो मे धोबी समुदाय को अनुसूचित जाति माना जायगा।

(ग) जी हा, श्रीमान।

हिन्दी शिक्षण योजना में अधिकारियों को स्थायी बनाया जाना

3936. **श्री रूपनाथ सिंह यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या राजभाषा विभाग मे हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत क्षेत्रीय अधिकारियो (अब उप निदेशको) के स्थायी पदो पर तैनात व्यक्तियो को स्थायी किये जाने का मामला वर्ष 1968 से अनिर्णीत पड़ा है ,

(ख) यदि हा, तो इसके क्या कारण है , और

(ग) वर्ष 1968 से अब तक उक्त मामले पर निर्णय करने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति ने कितनी बार बैठके की ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल) : (क) जी, नही।

(ख) प्रश्न नही उठता।

(ग) विभागीय पदोन्नति समिति की 1968 मे अब तक तीन बैठके हुई है।

तमिलनाडु में आकाशवाणी द्वारा हिन्दी समाचारों का प्रसारण

3937. **श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या आकाशवाणी दिल्ली से प्रसारित हिन्दी समाचार तमिलनाडु मे आकाशवाणी केन्द्र मे प्रसारित नही किये जाते है, और

(ख) यदि हा, तो उसके क्या कारण है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लालकृष्ण आडवाणी) : (क) प्रात. 8.00 बजे और रात्रि 8 45 बजे वाले हिन्दी के समाचार बुलेटिनों को तमिलनाडु मे स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रो द्वारा रिले किया जाता है। इसके अलावा, आकाशवाणी, मद्रास विश्व समाचार बुलेटिनो का हिन्दी रूपान्तर भी प्रतिदिन प्रात 6 00 बजे और हिन्दी समाचार बुलेटिन प्रात 11.00 बजे रिले करता है।

(ख) प्रश्न नही उठता।